## एक नजर में

### चार्टर्ड एकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट राहुल छाबड़िया ने बुरहानपुर में रचा नया इतिहास



बुरहानपुर। एतिहासिक जिला पर्यटन नगरी बुरहानपुर में युवा पीढ़ी के चार्टर्ड एकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ एवम चार्टर्ड एकाउंटेंट राहुल छाबड़िया ने आई.सी.ए.आई द्वारा प्रथम बार आयोजित सम्पत्ती एवम उत्तराधिकार योजना क परीक्षा उत्तीर्ण की स बुरहानपुर के इतिहास में पहली बार इस ऑनलाइन परीक्षा में दोनों प्रतिभागियों ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया इतिहास रचा है। इस बड़ी उपलब्धि पर दी अपना कमर्शियल क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी चेयरमैन शरद मोरे एसस्थापक अध्यक्ष नीरज कक्कड़, जिला कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज अगनानी, सचिव शरद जैन, रेडक्रॉस सोसायटी चेयरमैन सुमित बोरोले, बुरहानपुर शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक डॉ मूंदड़ा, डॉ. हेमंत महाजन, डॉ. दिव्येश लाड, डॉ निमिषा लाड, डॉ जूही गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी महेन्द्र जैन एवं अन्य समाजजन एवं गणमान्य नागरिको ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### थाना प्रभारियों एवं स्टॉफ द्वारा थाना क्षेत्र में की जा रही है फुट पेट्रोलिंग



बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थानाध्चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 15/01/2026 को थानाध्चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमावड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी सुनिश्चितता दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक। बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ताप्ती सेवा समिति ने रेडक्रॉस संस्था के सभापति एवं प्रदेश कार्यकारिणी मेंबर का किया सम्मान



बुरहानपुर। रेड क्रॉस संस्था के पदाधिकारी के चयन को लेकर कलेक्टर सभा ग्राह में आयोजित कार्यक्रम में निर्विरोध निर्वाचित सभापति सामाजिक कार्यकर्ता सुमित बोरले एवं डॉ मनोज अग्रवाल का किया स्वागत। संस्था के सचिव धर्मेंद्र सोनी ने कहा कि निसहाय और अति पिछड़े वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवा से जोड़कर मदद करना रेड क्रॉस की प्राथमिकता में रहेगा हमें ही नहीं सभी शहरवासियो को विश्वास है नई टीम सेवा के भाव से कार्य कर एक नया रिकॉर्ड कायम करेगी। शोभा लाल शर्मा ने सभापति प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉक्टर मनोज अग्रवाल निर्वाचित सदस्यों को निरंतर सेवा के पथ पर आगे बढ़ रेड क्रॉस के मानको पर खरा उतरने की अपील की है इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के मेंबर पूर्व डायरेक्टर राजेश भगत रियाज उल्लाह खान डॉक्टर युसूफखान अभय बालापुर कर राजकुमार बचवानी बसंत पाल मोंटू किशोरी वाला आदि लोग मौजूद थे।

### राजस्थानी समाज, बुरहानपुर द्वारा राष्ट्रीय संत श्री ललितप्रभ जी का किया स्वागत



बुरहानपुर। ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर में राष्ट्रीय संत श्री ललितप्रभ जी एंव डॉ.मुनि श्री शांतिप्रिय जी का राजस्थानी समाज, बुरहानपुर द्वारा स्वागत एंव अभिनंदन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जगदीश प्रसाद जी लाठ, भगवती प्रसाद जी बगड़िया, धर्म चंद जी पाटोदी, पवन जी ठोलिया, जतन जी सेठिया, प्रकाश जी सेठी, प्रमोद जी भंडारी, विमल जी पाटनी एंव राजस्थानी समाज, बुरहानपुर के अध्यक्ष कैलाश जी पारीक प्रमुख रूप से उपस्थिति थे।

### संगीत साधना संस्था में तिल-गुड़ की मिठास और प्रतीक स्वरूप पतंग ने संक्रांति मिलन में चार चांद लगाए




बुरहानपुर। परंपरागत मनाए जाने वाला पर्व तब और ऐतिहासिक बन गया जब एक साथ सभी के हाथों में तिल गुड के लड्डू दिखाई गए और भाई चारे और एकता का संदेश समाज को दिया गया। संगीत साधना एवं साहित्य सोसायटी के अध्यक्ष विलास गोसावी ने बताया कि पर्व कोई भी हो लेकिन समय पर उस को मानने का उसका एक अलग ही महत्व हैएसंस्था द्वारा नित नए आयोजन कर एअनेक गतिविधियां निरंतर चलाई जा रही हैएजो पूरे जिले के लिए नुकरणीय है। संक्रांति मिलन पर 'चली चली रे पतंग मेरी चली रे' जैसे अनेक शानदार गीतों ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए।

# 3.72 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण व समस्याओं का त्वरित समाधान

## अर्चना चिटनिस ने दूरस्थ ग्रामों में विकास की सौगात दी





नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में आज विकास कार्यों की एक श्रृंखला का उद्घाटन और भूमिपूजन किया गया। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने अपने दौरे के दौरान करीब 3 करोड़ 72 लाख रूपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन.लोकार्पण किया। श्रीमती चिटनिस ने लगभग 3.42 करोड़ रुपए के भूमिपूजन और 30 लाख रुपए के लोकार्पण कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, सड़क और सामुदायिक सुविधाओं की सौगात दी।

**आस्था और सांस्कृतिक स्थलों का विकासः**- अर्चना चिटनिस ने दूरस्थ गांवों के प्रवास की शुरुआत ग्राम मैथा से हुई, जहां श्री हनुमान मंदिर में विधिवत पूजन.अर्चन कर क्षेत्र की सुख.समृद्धि की कामना की। 3 लाख रुपए की लागत से मंदिर के सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया। ग्राम खारी में 15 लाख रुपए की लागत से श्री नवदुर्गा माता मंदिर की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ग्राम जम्बूपानी में 10 लाख रुपए की लागत से खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। 3 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से जम्बूपानी से पांडरी तक 2०8 किमी सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार श्रीमती चिटनिस ने ग्राम जम्बूपानी में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 8 लाख रूपए की लागत से आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य और मातृ.शिशु पोषण सुविधा उपलब्ध कराई। श्रीमती चिटनिस ने 2 लाख की लागत से सुदूर उपग्राम नाचनखेड़ा फाल्या में नवनिर्मित पहुँच मार्ग का लोकार्पण कर ग्रामीणों को मुख्य सड़क से जोड़ा गया। यह मार्ग ग्रामीण आवागमन, कृषि उपज परिवहन और जीवन स्तर में सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**जनसंवाद और समस्याओं का समाधानः**-प्रवास के दौरान विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने दूरस्थ ग्रामों में जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद कियाए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को मौके पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शासन की योजनाओं का उद्देश्य तभी सफल होगा, जब अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति को समय पर समाधान और सुविधाएं मिलें।

ग्रामीणों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत पर भावविभोर होकर अर्चना चिटनिस ने कहा ग्रामीण भाई.बहनों का यह स्नेह और विश्वास मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। यही प्रेम मुझे हर गांव के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की ऊर्जा देता है।

चिटनिस ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। हमारी प्राथमिकता सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और धार्मिक स्थलों के समान विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह दूरस्थ गांवों का प्रवास केवल लोकार्पण और भूमिपूजन का अवसर नहीं था, बल्कि दूरस्थ ग्रामों में विकास की वास्तविक तस्वीर और ग्रामीणों के विश्वास की पुष्टि करने वाला एक ऐतिहासिक अभियान साबित हुआ।

इस अवसर पर चिटनिस के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, नितीन महाजन, स्वर्णसिंह बर्नें, किरण पाटिल, ज्ञानसिंह सोलंकी, गफ्फार मंसूरी, गंगाराम अखाड़े, प्रमोद महाजन, रवि जैन, विजय राठौर, अशोक राठौर, नारायण राठौर, भीमसिंह चौहान, दत्तू महाजन, शैलेन्द्र महाजन, जयेश राउत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## निगम के नवीन प्रशासनिक भवन व कार्यालयों के निर्माण हेतु आर्किटेक्ट के साथ निरीक्षण



नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। नगर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल पूर्व महापौर अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव द्वारा बुरहानपुर अंकलेश्वर रोडएइंदिरा कॉलोनी के सामने बीटीया रोड पर नगर निगम के नवीन भवन के निर्माण के लिए आज भूमि का निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने आर्किटेक्ट के साथ निरीक्षण किया गया।

नगर निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल ने बताया कि नगर निगम के नवीन भूमि के निर्माण हेतु जमीन प्रस्तावित है आज निगम द्वारा आर्किटेक्ट को बुलाकर पूरे जमीन का निरीक्षण करा कर नजरी नक्शा तैयार करवाया गया।

महापौर द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित नगर निगम के नवीन भवन निर्माण में गीता भवनए फायर स्टेशनए अटल जी की विशाल प्रतिमा, मास्टर प्लान कॉन्फ्रेंस हॉल, पार्किंग के लिए स्थान सुनिश्चित कर फाइनल नक्शा तैयार करेंगे यह निर्माण 1 लाख स्क्वायर फीट की भूमि पर किया जा रहा है। महापौर ने शहरी क्षेत्र में श्मशान घाट के लिए भी भूमि का चयन पुराने ताप्ती पुल के पास किया गया है।

उक्त बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि हमारे शहर वासियों को अधिक परेशानी न हो अर्थियों को संकरी गलियों से होकर गुजरना पड़ता हैं रोड भी छोटे होने के कारण वहां से आने जाने वाले मेहमानों को परेशानी ना हो व लोगों की आस्था को ठेस न पहुंचे इसी दृष्टि से हमने पुराने ताप्ती पुल के पास नवीन श्मशान घाट के भूमि चिन्हित की है।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पुर्व महापौर अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक यंत्री अशोक पाटिल, उपयंत्री सौरव वर्मा आदि अधिकारी मौजूद थे।

## नवनिर्मित तहसील कार्यालय में गिरा छत का प्लास्टर



नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। नवनिर्मित तहसील कार्यालय में तहसीलदार बुरहानपुर न्यायालय के छत का प्लास्टर गिर जाना प्रदेश की भाजपा सरकार के विकास के मॉडल को दर्शाता है। उपरोक्त जानकारी देते हुवे निखिल मधुसुदन खंडेलवाल प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी बुरहानपुर शहर ने बताया कि नवनिर्मित तहसील भवन में ऑफिस शुरू हुए एक माह भी नहीं बीता है और इस तरह की घटना निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाती है। तहसील कार्यालय में अधिकारियों कर्मचारियों अधिवक्ताओं तथा आम जनता का बड़ी संख्या में आना.जाना लगा रहता है यह तो भगवान का शुक्र है कि इस घटना में किसी को हानी नहीं हुई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में सड़क शुरू होने से पहले गड्ढेए ब्रिज का लोकार्पण होने से पहले ब्रिज का गिर जाना और अब नवनिर्मित तहसील परिसर में छत का प्लास्टर गिर जाना यह भारतीय जनता पार्टी का विकास मॉडल है।

## निगम द्वारा वार्डों में पाइपलाइन लीकेज रिपेयरिंग सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा

### शहर में पानी की टंकियों की सफाई भी की गई

नवभारत न्यूज,
बुरहानपुर। नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में पाइप लाइन का सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है ताकि आम जनता को स्वच्छ पानी सुचारु रूप से मिल सके। आज भी नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दल ने पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण कार्य किया गया जैसे लोहार मंडी में अबरार साहब पार्षद के घर के पास पाइप लाइन का सुधार कार्य किया गया सिलमपूरा में पाइप लाइन वॉल्व रिपेयरिंग दुरुस्तीकरण किया गया।

बाखल में कनेक्शन ब्लॉकेज चेक नाथ वाडा जोनएशिकार पूरा पानी की टंकी के पास पाइप लाइन लीकेज का रिपेयर कर सुधारए महर्षि दयानंद वार्ड में पाइप लाइन की लीकेज रिपेयरिंग की गई नगर निगम बुरहानपुर द्वारा जनस्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं नगर निगम ने वार्डो में जाकर स्लूइस वॉल्व रिपेयरिंग कर पाइपलाइन रिपेयर सुधार कार्य किया गया।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर की जनता को जल समस्या से कोई भी शिकायत की निराकरण के लिए नगर निगम द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी है किया गया है 9630028148 पर आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हो निराकरण करने के लिए नगर निगम की टीम 24 घंटे तत्पर है।

इस दौरान सहायक यंत्री अशोक पाटिल, उपयंत्री सुनील चौहान, संतोष सुखदाने, नितिन तिवारी आदि जल विभाग की टीम द्वारा कार्य किया जा रहा है।



## कृषि रथ ग्राम दापोरा, चापोरा, धामनगांव नायर में आज

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। कृषक कल्याण वर्ष. 2026 के अंतर्गत जिले में किसानों को नवीन कृषि तकनीकोंए योजनाओं एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्रदान करने के लिये कृषि रथ भ्रमण पर है। इसी कड़ी में गुरूवार को कृषि रथ ग्राम ईच्छापुर, वारोली, बोरसर, दातपहाड़ी, पांगरी एवं धाबा पहुंचा। इस दौरान कृषि अधिकारी, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती, आधुनिक तकनीक प्रयोगए ई.विकास प्रणाली अंतर्गत ई.वितरण टोकन उर्वरक व्यवस्थाए एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल विविधिकरण, प्रधानमंत्री धन्य.धान्य कृषि योजना, अन्य योजनाओं एवं पाराली प्रबंधन के साथ.साथ कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी कड़ी में किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया गया।

**16 जनवरी को यहां जायेगा कृषि रथः**- उपसंचालक कृषि विभाग एम.एस.देवके ने जानकारी देते हुए बताय कि 16 जनवरी दिन शुक्रवार को कृषि रथ ग्राम दापोरा, चापोरा, धामनगाँव, कारखेड़ा डोईफ़ोडिया एवं नायर में भ्रमण पर रहेगा।

## नेपा मिल को चलायमान रखने की मांग, नेता प्रतिपक्ष से मिले श्रमिक संघ पदाधिकारी



नवभारत न्यूज,
नेपानगर। एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा मिल में उत्पादन प्रक्रिया ठप्प है। कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। कई महीनों का वेतन बकाया भी है। इसे लेकर कर्मचारी खासे चिंतित हैं। वहीं श्रमिक संघ की ओर से लगातार मिल को चलायमान रखने की मांग की जा रही है। यह गुहार अब मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से भी लगाई गई है।

दरअसल गुरूवार को उमंग सिंघार क्षेत्र के ग्राम चैनपुरा में 33वें आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन में शामिल होने आए थे। इस दौरान नेपा मिल श्रमिक संघ अध्यक्ष प्रवीणचंद्र सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की। साथ ही एक ज्ञापन सौंपकर मिल को चलायमान रखने की मांग की।

**बोले.मंहगाई के दौर में जीविका चलाना हो रहा मुश्किलः**- नेपा मिल श्रमिक संघ के नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष से कहा 1956 में देष के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित एषिया का सबसे बड़ा व देष का पहला अखबारी कागज कारखाने को बचानेए कारखाने में कार्यरत श्रमिकों को आज तक 1997 के वेतनमान में इस मंहगाई के भीषण दौर में अपनी जीविका चलाने को विवष हैं। पूर्व में संस्थान में लगभग 4 हजार से 5 हजार अस्थायीए कांट्रेक्टर श्रमिक कार्यरत हुआ करते थे। वर्तमान में स्थायीए अस्थायीए संविदा श्रमिकए ठेकेदार श्रमिक मिलाकर लगभग कुछ ही कर्मचारी ही बचे हैं। 2007 व 2017 के वेतनमान का केवल 50 प्रतिषत अतिरिक्त लाभ दिया गया हैए वर्तमान में कार्यरत श्रमिकों को आज तक 1997 के वेतनमान में इस मंहगाई में अपनी जीविका चलाने को मजबूर होना पड़ रहा है। बच्चों की उच्च षिक्षाए षादी ब्याहए उनका पालनए पोषणए परिवार के रहने आदि की व्यवस्था करना भी कठीन हो गया है।

**समय पर वेतन नहीं मिलना चुनौतीः**-श्रमिक संघ नेताओं ने कहा मिल में समय पर वेतन का न मिलना एक चुनौती है। वर्तमान में पांच छह माह का वेतन लंबित होना भी चिंता का विषय है। इसके चलते नेपा लिमिटेड के दक्ष श्रमिकों को नौकरी छोड़कर पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। नेपा मिल पर श्रमिकों के अतिरिक्त संपूर्ण नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी भी इस उद्योग पर निर्भर हैं जिनमें दहषत का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर प्रधान सचिव अरूण कुमार फरकलेए सह सचिव अनीस मंसूरीए कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह बैस आदि भी मौजूद रहे।

**एक नजर** — बुरहानपुर कैम्प में विद्यार्थियों को केप, अनुभूति पुस्तिका एवं हर्बल किट वितरित

## बुरहानपुर के वन परिक्षेत्र शाहपुर बीट चौण्डी में अनुभूति कैम्प : 137 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने लिया भाग






बुरहानपुर। वनपरिक्षेत्र शाहपुर में दिनांक 15/01/2026 को वन विभाग और मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वाधान में वन मंडल बुरहानपुर के वन परिक्षेत्र शाहपुर की बीट चौण्डी के कक्ष क्रमांक 428 में श्री विद्याभूषण सिंह वन मंडल अधिकारी महोदय बुरहानपुर के निर्देशन में अनुभूति कैम्प आयोजित किया गया जिसमें 137 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

अनुभूति कैम्प में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईच्छापुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरसल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नाचनखेडा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दापोरा एवं शासकीय हाईस्कुल सिरसोदा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने वन भ्रमण किया।

कार्यक्रम में विधायक बुरहानपुर श्रीमति अर्चना चिटनीस, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदिप पाटिल, नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेन्द्र तिवारी, अजय सागर उप वनमण्डलाधिकारी बुरहानपुर, थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा उपस्थित हुए।

विधायक द्वारा शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को वनो एवं पर्यावरण का मानव जीवन में महत्व के बारे में जानकारी दी तथा मृदा एवं जल संरक्षण के महत्व को समझाया तथा इसके प्रचार प्रसार करने हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रेरक राहुल तायडे एवं प्रशांत सालबंदे द्वारा वनो में पाई जाने वाली वृक्ष प्रजातियों एवं औषधिय पौधों की पहचान कर उनका चिकित्सिकीय गुणों एवं वैज्ञानिक नामों तथा पॉलीथिन के उपयोग से होने वाली हानियों की जानकारी दी।

कैम्प में विद्यार्थियों को केप, अनुभूति पुस्तिका एवं हर्बल किट वितरित किए गए। क्विज का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। अन्य विद्यार्थियों को कैम्प में उपस्थिति हेतु प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली अपनाने की शपथ ली गई। रितेश उइके वन परिक्षेत्रा धिकारी शाहपुर द्वारा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नितिन महाजन, गफ्फार मंसुरी, सोनु बरने, नामदेव महाजन तथा वनपरिक्षेत्र शाहपुर के समस्त वन कर्मचारियों की उपस्थिति रही।